खण्ड - 6 संख्या - 15

एकादश

# बिहार विधान-सभा वाद-वृत्त

कार्यवाही प्रश्नोत्तर

सोमवार, तिथि 15 जुलाई, 1996 ई०

## विषय-सूची

प्रश्नों के लिखित उत्तर :-

प्रश्नों के मौखिक उत्तर :-

अल्प सूचित प्रश्नोत्तर संख्या :- 23, 68, 69 एवं 71

तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या :- 127, 1498, 1499, 1501, 1502, 1506, 1507, 1513, 1515, 1516, 1517 एवं 1518

परिशिष्ट - (प्रश्नों के लिखित उत्तर) :-

## दैनिक निबंध

**टिप्पणी :-** जिन मंत्रियों अथवा मा० सदस्यों ने अपना भाषण संशोधित किया है, उनके नाम के आगे तारा चिहन लगा दिये गये हैं।

4. क्या यह बात सही है कि न्यायिक दंडाधिकारी श्री जे०राम के यहां दायर केश न०-13 सी/91 में धारा 323 और 342 के तहत मो० रहमान को दोषी करार दिया गया, उसके बावजूद मो० रहमान के खिलाफ आजतक विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी, यदि हां तो इसका क्या औचित्य है?

**श्री लालू प्रसाद** : 1. उत्तर स्वीकारात्मक है। वर्त्तमान में यह दीघा थाना में पदस्थापित है।

2. उत्तर स्वीकारात्मक है, इस संबंध में आरक्षी रहमान की ओर से पीरबहोर थाना कांड स०485/90 दि० 21-12-90 धारा 147/148/149/448/323/307/379/ भा०दं०वि० प्राथमिकी के नामज़द अभियुक्त विजय कुमार एवं वीणा पौल के विरूद्ध दर्ज कराया गया था और अनुसंधानोपरान्त इस कांड में उपरोक्त धाराओं के अन्तर्गत नामजदों अभियुक्तों के विरूद्ध आरोप पत्र समर्पित किया गया है। इसके अतिरिक्त श्रीमती वीणा पौल द्वारा न्यायिक दंडाधिकारी श्री जे० राम के यहां दायर केश नं०13सी०/91 धारा 323/342 के तहत दर्ज कराया गया था।

3. उत्तर स्वीकारात्मक है।

4. उत्तर स्वीकारात्मक है। आरक्षी -851 मु० मुइजुर रहमान के इस आचरण के लिए इन्हें निलम्बित किया जा चुका हैं, इसके अतिरिक्त विभागीय कार्यवाही भी प्रारम्भ की जा रही है।

## थाना भवन का निर्माण

**1505. श्री राम लखन महतो** : क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर, जिलान्तर्गत विद्यापति थाना का अपना भवन नहीं है?

2. क्या यह बात सही है कि वर्षों से थाना किराये के मकान में चल रहा है?

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सकार कबतक थाना भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

**श्री लालू प्रसाद** : 1. उत्तर स्वीकारात्मक है।

2. उत्तर स्वीकारात्मक है।

3. इस थाना भवन का निर्माण दशम् वित्त आयोग के अधीन निर्माण योजना की स्वीकृत सूची में रखा गया है।

**1510. श्री बाल किशोर मण्डल** : क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

1. क्या यह बात सही है पूर्णिया जिलान्तर्गत रूपौली थाना में मोहनपुर आउट पोस्ट 1918 ई० से बना हुआ है और रूपौली विधान सभा क्षेत्र नक्सल प्रभावित क्षेत्र है?

2. यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार मोहनपुर आउट पोस्ट को थाना का दर्जा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक नहीं तो क्यों?

श्री लालू प्रसाद : 1. उत्तर स्वीकारात्मक है।

2. पुर्णियां जिला के रूपौली थाना के मोहनपुर आउट पोस्ट को थाना का दर्जा देने के सम्बन्ध में कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है।